D/165

# भारत जापान मैत्री संघ

फोन नं २६५७ — ६८, लूकरगंज, इलाहाबाद।

क्रम संख्या: सा।सा।३ — दिनांक १ अगस्त ५५

प्रिय बन्धु !

भारत जापान मैत्री संघ की कार्यकारिणी समिति ने, अपनी ५ जुलाई ५५ की बैठक में, ७ अगस्त ५५ को संघ की साधारण सभा की बैठक बुलाने का निश्चय किया था। आशा है सूचना समाचार पत्रों द्वारा आपको लगभग १ मास पूर्व ही प्राप्त हो गई होगी। साधारण सभा की इस महत्वपूर्ण बैठक के संबंध में आपको पुनः स्मरण दिलाने के लिये आपकी सेवा में यह पत्र भेज रहा हूँ।

कृपया आगामी ७ अगस्त दिन रविवार को सायं-काल ६ बजे संघ के सभापति पंडित पद्मकान्त मालवीय के निवास स्थान ६८ लूकरगञ्ज में पधार कर बैठक की कार्यवाही में भाग लें।

विषय

१—संघ के संशोधित संविधान पर विचार और स्वीकृति।

२—संशोधित संविधान के अनुसार संघ के पदाधिकारियों के निर्वाचन की तिथि निश्चय करना।

३—विगत ७-८ जुलाई को संघ के सभापति की दिल्ली में भारत स्थित जापानी राजदूत से जो बातचीत हुई है उसकी सूचना।

४ - अन्य विषय, यदि कोई, सभापति की आज्ञा से।

भवदीय

तेज बहादुर मंत्री

राष्ट्रीय अभिलेखागार भारत National Archives of India

LOCAL DELIVERY

POST CARD

ADDRESS ONLY

POSTAGE
6 P. INDIA 6 पा

ALLAHABAD
9.8.55

Shri Hira Lal Malaviya

Bharti Bhawan

Allahabad

राष्ट्रीय अभिलेखागार भारत
National Archives of India